O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Half Yearly Examination - (2026 – 2027)

Class : IV **MM: 50**
Subject: Hindi **Time: 2:00 Hrs**
Name: _____ Roll No.:

Invigilator sign: ---------- Marks Obtained: ---------- Examiner Sign: --------

---

(Fifteen Minutes Extra will be given for reading the Question Paper.)

सामान्य निर्देश:

1 इस प्रश्न पत्र में चार खंड है – खंड 'क' ख, ग और घ |

2 चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

3 यथासंभव चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशःलिखिए |

खंड 'क'

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (1x5=5)

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अनेक चीजों की आवश्यकता होती है | जैसे पौष्टिक भोजन स्वच्छ वातावरण एवं व्यायाम | दौड़ना, सैर करना, तैरना, योगासन तथा खेल आदि उत्तम प्रकार के व्यायाम है | इससे शरीर के सभी अंग हरकत में आते हैं | व्यायाम से शरीर लचीला बनता है | स्फूर्ति आती है और आलस्य दूर होता है | इससे मनुष्य में काम करने की शक्ति बढती है | व्यायाम करने से भूख खूब लगती है | खाया पीया सब हजम हो जाता है | रोग पास नहीं आता और मन स्वस्थ रहता है | हम अपने कार्यों को अच्छी तरह से कर पाने में समर्थ होते हैं | इस प्रकार व्यायाम का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है | आजकल प्रत्येक विद्यालय में योगासन खेलकूद सिखाया जाता है |

क) शारीर को स्वस्थ रखने के लिए किन चीजों की आवश्यकता होती है ?

अ केवल भोजन की ब अनेक चीजों की

स केवल आराम की द केवल खेल की

ख) व्यायाम से शरीर कैसा बनता है ?

अ कमज़ोर ब आलसी

स लचीला द भारी

ग) आजकल प्रत्येक विद्यालय में क्या सिखाया जाता है ?

अ तैरना ब योगासन

स तीर चलाना द सिलाई

घ) इस गद्यांश के अनुसार किसका हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है ?

.....

ड) व्यायाम करने से क्या दूर होता है ?

.....

प्रश्न2 काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प पर(√)का निशान लगाइए । (1x5=5)

पेड़ हमें फल देते,

शीतल-शीतल छाँव।

पक्षी आकर बसेरा करते,

महक उठे हर गाँव ।

पेड़ हवा को शुद्ध बनाते,

देते जीवन दान ।

आओ मिलकर पेड़ लगाएँ

रखें धरती का मान ।

क) इस गद्यांश के अनुसार पेड़ हमें क्या देते हैं ?

अ पानी ब धूल

स पत्थर द फल और छाँव

ख) पक्षी पेड़ों पर क्या करते हैं ?

अ खेलते हैं ब नहाते हैं

स बसेरा करते हैं द दौड़ते हैं

ग) कौन हवा को शुद्ध बनाते हैं ?

अ पेड़ ब पानी

स आग द मिटटी

घ) पेड़ किसका दान देते है ?

.....

ड) हमें मिलकर क्या करना चाहिए ?

.....

खंड-'ख' व्यावहारिक व्याकरण (10 अंक)

प्रश्न 3 नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(1x4 = 4)**

क) महाराष्ट्र में कौन सी भाषा बोली जाती है ?

अ बंगाली ब गुजराती

स मराठी द उड़िया

ख) वे सर्वनाम शब्द जो बोलने वाले सुनने वाले या जिसके विषय में बात कर रहे हैं उसके लिए प्रयोग किये जाते हैं,उन्हें ..... सर्वनाम कहते हैं |

अ निजवाचक ब पुरुषवाचक

स प्रश्नवाचक द संबंधवाचक

ग) प्रश्नवाचक सर्वनाम का उदाहरण है -

अ कितना ब कोई

स आप द स्वयं

घ) जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है -

अ नदी ब कृष्णा

स दर्द द पीपल

प्रश्न 4 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(1x3=3)**

क) हिंदी भाषा की लिपि क्या है ?

.....

ख) 'महोदय' का स्त्रीलिंग लिखिए |

.....

ग) 'बकरी' का पुल्लिंग लिखिए |

.....

प्रश्न 5 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(1x3=3)**

क) 'पुस्तक' का बहुवचन लिखिए |

.....

ख) 'शिक्षकगण' का एक वचन लिखिए |

.....

ग) भाववाचक संज्ञा का एक उदाहरण लिखिए |

.....

खंड-'ग' पाठ्यपुस्तक (20 अंक)

प्रश्न 6 काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प पर (√) का निशान लगाइए । (1x4=4)

चिड़िया, कौआ, तोता सबसे
अपना नेह जताता नीम
नहीं डॉक्टर फिर भी देखो
कितने रोग भगाता नीम
चले प्रदूषित वायु कभी तो
उसको शुद्ध बनाता नीम
कड़वे तन में मन को मीठा
रखना हमें सिखाता नीम

क) नीम कितने रोग भगाता है ?

अ बहुत से रोग ब एक रोग
स कोई रोग नही द सिर्फ खुजली

ख) नीम प्रदूषित वायु को क्या बनाता है ?

अ गरम ब शुद्ध
स ठंडी द भारी

ग) कविता में नीम को क्या बताया गया है ?

अ उपयोगी ब सूखा पेड़
स छोटा पौधा द डरावना

घ) नीम किससे अपना नेह जताता है ?

अ गाय घोडा हाथी ब बिल्ली कुत्ता चूहा
स मोर हंस कबूतर द चिड़िया, कौआ, तोता

प्रश्न 7 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (2x3=6)

क) 'चिड़िया का गीत' कविता के कवि कौन हैं ?इस कविता में किसके बारे में बताया गया है ?

.....

.....

ख) चिड़िया को कब समझ में आया कि संसार बहुत बड़ा है ?

.....

.....

ग) चिड़िया कहाँ निकल गई ?

.....

.....

प्रश्न 8 सही विकल्प पर (√) का निशान लगाइए | **(1x4=4)**

बगीचा बहुत छोटा और सुंदर था | घोंघे ने अपना सारा जीवन उसी बगीचे में बिताया था | उसे बगीचे के एक छोर से दूसरे छोर तक पहुँचने में पूरे दो दिन लगते थे | इतने समय तक रहने के कारण घोंघा बगीचे का कोना - कोना पहचान गया था | पर कभी-कभी घोंघे को लगता था ,इस बगीचे के बाहर क्या होगा ? कैसी होती होगी बाहर की दुनिया ? बगीचे की दीवार में एक छेद था | घोंघा प्रतिदिन उस छेद को देखता था |

क) बगीचा कैसा था ?

अ बड़ा ब बहुत छोटा

स पुराना द गंदा

ख) घोंघे ने अपना सारा जीवन कहाँ बिताया था ?

अ जंगल में ब नदी में

स उसी बगीचे में द पहाड़ में

ग) घोंघा बगीचे के एक छोर से दूसरे छोर तक पहुँचने में कितना समय लेता था ?

अ तीन दिन ब दो दिन

स चार दिन द पाँच दिन

घ) बगीचे की दीवार में क्या था ?

अ दरवाज़ा ब खिड़की

स एक छेद द दाग

प्रश्न 9 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(2x3=6)**

क) महाराज ने सभी दरबारियों को नकली हीरे क्यों दिए ?

.....

.....

ख) महाराज ने नवयुवक को असली हीरे क्यों दिए ?

.....

.....

ग) राजा ने सभी दरबारियों से क्या पूछा ?

.....

.....

खंड-'घ' रचनात्मक लेखन (10 अंक)

प्रश्न 10 कोई एक कहानी लिखिए | (5x1=5)

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

प्रश्न 11 छोटी बहन को कविता प्रतियोगिता में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखिए | (5x1=5)

अथवा

मोबाइल फ़ोन के कम उपयोग की सीख देते हुए छोटी बहन को पत्र लिखिए |

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....